लोक सभा अध्यक्ष द्वारा 27 अगस्त, 2021 को लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र की पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय पहुंच कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा

...

केंद्रीय मंत्री, लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र के उप-राज्यपाल, संसदीय समितियों के सभापति और संसद सदस्य कार्यक्रम में भाग लेंगे

...

पहुंच कार्यक्रम श्री बिरला की एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर शासन और आयोजना संबंधी संस्थाओं को सशक्त करना है

...

इस कार्यक्रम का विषय''पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय पहुंच कार्यक्रम'' है

...

श्री बिरला लद्दाख में अपने निवास के दौरान पंचायत के प्रतिनिधियों से भेंट

...

लेह, 26 अगस्त, 2021: माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला 27 अगस्त 2021 को लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र की पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय पहुंच कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

श्री बिरला के अलावा, भारी उद्योग मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री, डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय; केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; श्री मनसुख मांडविया; लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र के उप राज्यपाल, श्री राधा कृष्ण माथुर; गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय और महिला और बाल विकास मंत्रालय तथा आयुर्वेद, योगा और प्राकृतिक चिकित्या, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. (प्रो.) महेन्द्र मुंजपरा; संसदीय समितियों के सभापति, संसद सदस्य, लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद, लेह और कारगिल के चेयरमैन तथा अन्य प्रतिष्ठित गण्यमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय पहुंच कार्यक्रम लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला की एक अनूठी पहल है। पहली बार आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर शासन और आयोजना संबंधी संस्थाओं को सशक्त करना है।

इस प्रकार का पहला पहुंच कार्यक्रम 8 जनवरी 2021 को उत्तराखंड राज्य में देहरादून में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में पंचायत के 445 प्रतिनिधियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया था। इसके अतिरिक्त, पंचायत के लगभग 40,000 प्रतिनिधियों और अधिकारियों को वेब लिंक के माध्यम से कार्यक्रम से ऑनलाइन जोड़ा गया था।

दूसरा पहुंच कार्यक्रम 26 फरवरी, 2021 को मेघालय राज्य और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए शिलांग में आयोजित किया गया था। उत्तर-पूर्वी राज्यों के स्थानीय निकायों के लगभग 115 सदस्यों ने कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया था। इसके अलावा, सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों को वेब लिंक के माध्यम से कार्यक्रम से ऑनलाइन जोड़ा गया था।

इस प्रकार का तीसरा कार्यक्रम 27 अगस्त, 2021 को लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र की स्थानीय स्तर की संस्थाओं के लिए आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम का विषय ''पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए संसदीय पहुंच कार्यक्रम''है। पंचायती राज संस्थाओं के लगभग 195 प्रतिभागियों के कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेने की संभावना है।

इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार है:-

1. जन जागरूकता/जन भागीदारी सुनिश्चित करना।
2. स्थानीय स्तर के नेताओं में आत्मविश्वास/आत्म-सम्मान का भाव जागृत करना।
3. सृजित परिसम्पत्तियों के प्रति स्वामित्व का भाव पैदा करना।
4. स्थानीय स्तर के राजनेताओं की लोकतांत्रिक मूल्यों संबंधी महत्वाकांक्षाओं को मजबूत करना।
5. विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करना और विकास कार्य के लिए डोरस्टेप डिलीवरी अवसर प्रदान करना।
6. नेटवर्क तैयार करने का अवसर और स्थानीय स्तर के नेतृत्व की महत्वाकांक्षाओं को प्रेरित करना।

श्री बिरला पंचायत के प्रतिनिधियों से मुलाकात करने के लिए पंगोंग झील और नुबरा घाटी का भी दौरा करेंगे।

शिष्टमंडल के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लद्दाख पहुंचना शुरु कर दिया है।